www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
नई दिल्ली, सोमवार, 6 जून, 2022 | वर्ष-15 | अंक-61 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए

बच्चे मॉल में ले रहे हैं जंगल सफारी का आनन्द, जंगल बुक आधारित सेटअप तैयार

ग्रेटर नोएडा, 5 जून (देशबन्धु)। गौड़ सिटी मॉल में बच्चे वीकेंड पर जंगल सफारी आनंद ले रहे हैं। मॉल में विशेष रूप से बच्चों के लिए इस खास समर कैंप का आयोजन शुरू हुआ है, जो पूरे एक महीने तक चलेगा। जंगल सफारी के अलावा बच्चे यहां मनोरंजक और सीखने वाली गतिविधियों का हिस्सा बन रहे हैं, जैसे जुम्बा सेसन, कराटे मैच, स्केटिंग, नृत्य और गायन अभ्यास मुख्य रूप से शामिल हैं। बच्चों को मंत्रमुग्ध करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन जंगल थीम पर किया जा रहा है। यहां हाथियों, बाघों, शेरों और जेब्रा की आकृतियों के बीच बच्चे चहलकदमी कर रहे हैं और एक सुरक्षित जंगल सफारी का आनंद ले रहे हैं। यहां विभिन्न गतिविधियों में शीर्ष 5 प्रतिभागियों को फूड वाउचर, मूवी टिकट, गेम वाउचर और उपहार जैसे रोमांचक पुरस्कार जीतने का अवसर भी मिल रहा है। गौड़ ग्रुप की डायरेक्टर मंजू गौड़ ने कहा कि पर्यावरण को जानना और उसके संतुलन में सहभागी बनना हमारा सबसे पहला उद्देश्य होना चाहिए। इस जंगल सफारी से बच्चों को प्रकृति को जानने का अवसर मिल रहा और विभिन्न गतिविधियों से उनका जुड़ाव प्रकृति के साथ बढेगा। हमने जंगल बुक थीम पर एक जंगल-आधारित सेट-अप बनाया है जो बच्चों की सबसे पसंदीदा किताब और फिल्म है।